# बच्चे ही देश व समाज का निर्माण करते हैं : संजीव कांकर

- बुराइयों को दूर करने की धुरी संस्कार : डॉ. जेएस यादव
- भाविप शाखा भिण्ड के बाल संस्कार शिविर का हुआ समापन




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 18 जून।** बच्चों का बाल मन एक उर्वर भूमि के समान है, जिस पर बोए गए बीज का असर उनके जीवन पर होता है, संस्कारों द्वारा ही मानवता सुरक्षित रहती है। बच्चे ही देश व समाज का निर्माण करते है। यह बात राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त संजीव कांकर ने भारत विकास परिषद शाखा भिण्ड द्वारा मां निरजना देवी मन्दिर परिसर 17 बटालियन एसएएफ में चल रहे आठ दिवसीय बाल संस्कार शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता एवं विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएमएचओ डॉ. जेएस यादव रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विनोद सक्सेना ने की। साथ ही समाजसेवी उमा राजौरिया, प्रांतीय पदाधिकारी डॉ. हिमांशु बंसल, कैलाश नगरिया, कमलेश सेंथिया, शाखा अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, संस्कार गतिविधि प्रमुख जेएन पाठक भी मंचासीन रहे।

संस्कार के अंतर्गत चल रहे आठ दिवसीय बाल संस्कार शिविर के बारे में कहा कि बच्चों के लिए 11 से 18 जून तक प्रतिदिन सुबह 6 से 10 बजे तक शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें योग, व्यायाम, मंत्र उच्चारण श्लोक, राष्ट्रभक्ति गीत, प्रेरक कहानियां सहित विभिन्न विषयों पर कार्यक्रम हुआ, शिविर में प्रबुद्ध जन लोगों द्वारा बच्चों को मार्गदर्शित किया गया। विशिष्ट अतिथि सीएमएचओ डॉ. जेएस यादव ने बच्चों को मार्गदर्शित करते हुए एवं शिविर की प्रशंसा की।

विशिष्ट अतिथि समाजसेवी उमा राजौरिया ने कहा कि वर्तमान समय में समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। शिविर में डॉ. विनोद सक्सेना, डॉ. हिमांशु बंसल ने अपने उद्बोधन के माध्यम से सभी छात्रों को प्रेरणादायी सीख दी। कार्यक्रम का मंच संचालन सचिव राजमणि शर्मा एवं आभार कमलेश सेंथिया ने व्यक्त किया। इस अवसर पर रेखा भदौरिया, सियाशरण गुप्ता, रामबाबू शर्मा, अशोक शर्मा, वीरेन्द्र जोशी, गणेश भारद्वाज, अश्विनी दण्डौतिया, उदय भदौरिया, अमित चौधरी, अतुल गुप्ता, रिश्मा भदौरिया, देवेन्द्र अरोड़ा, दिनेश सिंह भदौरिया एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# सचिवों ने मंत्री राकेश शुक्ला का स्वागत कर सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 18 जून।** सहायक सचिव संघठन भिंड द्वारा केबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला का सत्कार करते हुए जिला स्तर की समस्याओं का समाधान कराने हेतु विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में शिवकुमार शुक्ला, सचिन शर्मा, आर.बी. शर्मा, अखिलेश भदौरिया, सुमित शर्मा, राहुल राजावत, राजेश राजपूत, रामपाल भदौरिया, आलोक दाँतरे अरिविंद शर्मा और भागीरथ निगम प्रमुख रहे। शासन का दिनांक 04/09/2025 का आदेश स्पष्ट है कि रिक्त ग्राम पंचायतों पर सचिव को अतिरिक्त प्रभार न देकर ग्राम पंचायत पर पदस्थ पंचायत सहायक सचिव को सचिवीय, वित्तीय प्रभार दिया जाए, परन्तु यह आदेश जिला भिंड में लागू नहीं किया गया है।

इसे शीघ्र प्रभाव से लागू करने की आवश्यकता बताई गई है साथ ही सभी पंचायत सहायक सचिवों की सेवा-प्रगति समय पर बढ़ाकर वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई है। ज्ञापन में यह भी अनुरोध किया गया कि मासिक वेतन प्रत्येक माह की 05 तारीख तक भुगतान हो, ताकि कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी न हो। जनपद पंचायत अटेर, रौन, गोहद और लहार में पिछले वर्ष की मनरेगा पोर्टल पर बकाया वेतन का भुगतान तुरंत किया जाए। सहायक सचिवों के मानदेय में पिछले तीन वर्षों से कोई वृद्धि नहीं हुई है, जबकि शासन के अन्य कर्मचारियों के वेतन समय-समय पर बढ़ाए गए हैं; अतः मानदेय में समुचित वृद्धि कर अल्प वेतन में परिवार का भरण-पोषण आसान बनाया जाए। अंत में जनपद पंचायत गोहद एवं मेंहगाँव में क्ह केवल अतिरिक्त प्रभार पर होने के कारण कार्य प्रभावित हो रहे हैं; इसलिए दोनों जनपदों में पूर्णकालिक नियोजन की मांग की गई है। संघठन ने मंत्री से शीघ्र कार्रवाई व आदेशों के पालन का आग्रह किया है ताकि पंचायत स्तर पर सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर हो और कर्मचारियों के अधिकार सुरक्षित रहें।

# 11 पदधारियों को 48 .81 लाख की राशि जमा करने के निर्देश



- वित्तीय अनियमितियों के चलते सीईओ जिला पंचायत ने किया आदेश

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 18 जून।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड वीरसिंह चौहान ने न्यायालय के आदेश और मप्र पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा 89 के आधार पर सख्त निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशानुसार जनपद पंचायत मेहगांव एवं भिण्ड की संबंधित ग्राम पंचायतों के 11 पदधारियों पर वित्तीय अनियमितियों के चलते कुल मिलाकर 48.81 लाख रुपए की राशि जमा करने का आदेश दिया गया है। संबंधित पदधारियों को निर्धारित राशि 19 जून तक या उसके पूर्व जिला पंचायत भिण्ड के एकल खाता में जमा करानी होगी।

सूची के अनुसार जनपद पंचायत मेहगांव की ग्राम पंचायत पचेरा के सरपंच सतेन्द्र सिंह एवं प्रभारी सचिव अश्विनी शर्मा को क्रमशः 99 लाख 500 प्रत्येक जमा करने हैं। ग्राम पंचायत राउपुरा के सचिव पानसिंह पर 3 लाख 24 हजार 526 और रोजगार सहायक सूबेदार सिंह पर 2 लाख एक हजार 699 की राशि वसूली जाएगी। ग्राम पंचायत परघेना के सरपंच हनीफ खान और सचिव चतुर सिंह पर प्रत्येक 13 लाख 20 हजार रुपए की देनदारी दर्ज है। वहीं ग्राम पंचायत मोरोली की सरपंच उर्मिला व सचिव रामकुमार पर प्रत्येक 6 लाख 44 हजार 500 जमा करने का निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत भिण्ड की ग्राम पंचायत मानपुरा की पूर्व सरपंच बिट्टी बाई व सचिव नरोत्तम सिंह एवं ग्राम रोजगार सहायक सचिन शर्मा पर प्रत्येक 75 हजार 800 रुपए जमा करने का निर्देश है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नियत तिथि तक यदि उपरोक्त राशि जमा नहीं की गई तो अधिनियम 1993 की धारा 92(1) एवं 92(2) के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी और वसूली योग्य धन को भू-राजस्व की भांति वसूल किया जाएगा।

# पूर्व बीईओ एवं व्याख्याता जेएन शर्मा का निधन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 18 जून।** रौन क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं समाज में अपनी अलग पहचान रखने वाले पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं व्याख्याता जयनारायण शर्मा का सोमवार, सोमवती अमावस्या को सुबह निधन हो गया। उनके निधन से रौन क्षेत्र सहित शिक्षा जगत में शोक की लहर है।

जय नारायण शर्मा रौन क्षेत्र में जेएन शर्मा के नाम से प्रसिद्ध थे। अपने सेवाकाल में उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने अनेक विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार और सही दिशा देकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उनका जीवन शिक्षा और समाज सेवा के प्रति समर्पित रहा। उनके मार्गदर्शन और व्यवहार को क्षेत्र के लोग लंबे समय तक याद रखेंगे। कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे उन्होंने 15 जून को अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार तीर्थ स्थल पचनदा में किया गया। उनका निवास चतुर्वेदी नगर भिण्ड में है। उनके निधन पर परिवारजनों, पूर्व विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं क्षेत्रवासियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### रास्ता भटकी बालिका, डायल-100 ने परिजनों से मिलाया

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्र में घर की राह भटकी 4 वर्षीय बालिका को डायल-112 जवानों ने उसके परिजन को सौंप दिया। राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना मिली भिण्ड जिले के थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत वीटीआई रोड पर एक 4 वर्षीय बालिका मिली है, जो घर का रास्ता भटक गई है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना मिलने पर तत्काल देहात थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक 923 संजय श्रीवास्तव एवं पायलट सत्येन्द्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर बालिका को संरक्षण में लिया।

# 14 दिवसीय काउंट डाउन अभियान शुरू

**नवभारत न्यूज**
टीकमगढ़। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर में 21 जून को भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष भारत सरकार ने अधिकतम जनसहभागिता के माध्यम से गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भारत का नाम दर्ज कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसीक्रम में विश्व योग दिवस के लिए 14 दिवसीय काउंट डाउन अभियान प्रारंभ हो गया है।

जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार ने बताया कि योग को जन- जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ्य भारत निर्माण के उद्देश्य से व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस एतिहासिक अभियान का हिस्सा बनें और अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीयन कराएं। पंजीयन के लिए नागरिकों से अपील की है। अपने परिवार, मित्रों एवं परिचितों को भी इस अभियान से जोड़ने का आग्रह किया गया है, ताकि 21 जून को आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों में शामिल हो।

### अधिकारियों ने दिया प्रशिक्षण

टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस किरार के मार्गदर्शन में विगत दिवस केंद्र के वैज्ञानिकों डॉ. एसके सिंह, डॉ. यूएस धाकड़ एवं डॉ. आईडी सिंह के द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों पांडेर, महोबिया, चंदेरीखास, करमासन घाट में प्रशिक्षण आयोजित कर कृषक एवं महिला कृषक को प्रशिक्षण दिया गया।



# मित्र परिषद के शिविर में 77 दिव्यांगों को मिले कृत्रिम अंग

- मंच पर विशिष्ट अतिथि रही जन्म से तीन अंगों से वंचित 11 वर्षीय देविका

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 18 जून।** मित्र परिषद भिण्ड द्वारा इटावा रोड स्थित व्यापार मण्डल धर्मशाला प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग निर्माण एवं प्रत्यारोपण शिविर का विधिवत समापन हुआ। महावीर सेवा सदन कोलकाता के तकनीकी विशेषज्ञों के सहयोग से आयोजित इस सेवा शिविर में 77 दिव्यांग जनों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ, पैर और कैलिपर्स बनाकर वितरित किए गए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भिण्ड तहसीलदार रणजीत सिंह कुशवाहा रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच पर एक बेहद भावुक और प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला, जब मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में 11 वर्षीय बालिका देविका विराजमान हुई। देविका के जन्म से ही दोनों पैर और एक हाथ नहीं हैं, लेकिन उसके चेहरे की मुस्कान और हौसले ने समारोह में मौजूद सभी लोगों को झकझोर दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तहसीलदार रणजीत सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह आयोजन निश्चित रूप से अद्वितीय और सराहनीय है। परमात्मा ने जिसे जैसा स्वरूप दिया है, वह हमें स्वीकार करना ही पड़ता है। लेकिन मित्र परिषद की इस अभिनव पहल ने दिव्यांग भाइयों-बहनों की रोजमर्रा की परेशानियों और दर्द को कम करने का जो भगीरथ प्रयास किया है, वह समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है।

शिविर संयोजक शैलेश नारायण सिंह कुशवाह ने आभार व्यक्त किया। एडवोकेट रामदत्त शर्मा, चिकित्सक डॉ. एसएस प्रभाकर, श्रवण पाठक, राधेगोपाल यादव, एडवोकेट शैलेन्द्र सांकरी, गगन शर्मा, कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज वैद्य, बजरंग भदौरिया, अमित सिरोठिया, अतुल भदौरिया, प्रवेन्द्र शर्मा, विनोद राठौर एवं दिवाकर सहित मित्र परिषद के तमाम पदाधिकारी और नगरवासी मौजूद थे।

# हर बच्चे को स्वीकार करना समाज की जिम्मेदारी है : जोशी



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 18 जून।** ऑटिस्टिक प्राइड डे के अवसर पर स्पेशल एजुकेटर रवि कुमार जोशी ने कहा कि ऑटिज्म कोई बीमारी नहीं है, बल्कि मस्तिष्क के विकास से जुड़ी एक ऐसी अवस्था है, जिसमें बच्चे सीखने, संवाद करने और सामाजिक व्यवहार करने का अपना अलग तरीका अपनाते हैं। ऐसे बच्चों को दया की नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन, सम्मान और सहयोग की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि यदि कोई बच्चा अपनी उम्र के अनुसार बोलना शुरू नहीं करता, आंखों से संपर्क बनाने से बचता है, नाम पुकारने पर प्रतिक्रिया नहीं देता, दूसरों के साथ घुलने-मिलने में कठिनाई महसूस करता है या एक ही गतिविधि को बार-बार दोहराता है, तो इसे सामान्य मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय रहते विशेषज्ञ से परामर्श लेने पर बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) गोहद, जिला भिंड में रेडियोग्राफर के पद पर पदस्थ हैं तथा इसके साथ ही भारतीय पुनर्वास परिषद में पंजीकृत स्पेशल एजुकेटर भी हैं। वे दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, पुनर्वास और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्य करते हैं तथा अभिभावकों और बच्चों को निःशुल्क शैक्षणिक एवं परामर्श सेवाएं भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है, ताकि दिव्यांग बच्चों को समान अवसर, समावेशी शिक्षा और सम्मानजनक वातावरण मिल सके।

### अंतिम छोर के व्यक्तियों को मिले योजनाओं का लाभ

**पलेरा।** विकासखंड स्तरीय जन कल्याण शिविर गुरुवार को आयोजित किया गया मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं मध्य प्रदेश सरकार की मशां के अनुसार मध्य प्रदेश में विकासखंड स्तरीय जनकल्याण शिविरो का आयोजन किया जा रहा है जिससे जनपद स्तर पर सभी विभागों की समस्याओं के निराकरण के लिए यह शिविर लगाए जा रहे हैं। अंतिम छोर के व्यक्तियों को लाभ पहचाने कि मंशासा मध्यप्रदेश सरकार की है

# 23 को होगा मेरिट सूची का प्रकाशन

**नवभारत न्यूज**
**टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, टीकमगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की द्वितीय चरण की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन पंजीयन एवं पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।**

द्वितीय चरण में पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए 19 जून 2026 से 20 जून 2026 तक पंजीयन में संशोधन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का चयन एवं लॉक करने की प्रक्रिया 10 जून 2026 से 22 जून 2026 तक संचालित की जाएगी। सामान्य मेरिट सूची का प्रकाशन 23 जून 2026 को किया जाएगा। आवंटित अभ्यर्थियों के लिए आवंटन पत्र डाउनलोड करने तथा संबंधित संस्था में उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के सत्यापन एवं प्रवेश की प्रक्रि या 27 जून 2026 से 03 जुलाई 2026 तक संचालित की जाएगी।

# जनकल्याण शिविरों का समापन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। 5 से 21 जून तक संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत 12 जून से 18 जून तक जिले के प्रत्येक विकासखंड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित किए गए। जिसमें गुरूवार को शिविर का समापन किया गया।**

7 जून को तथा जनपद पंचायत जतारा एवं पलेरा में 17 एवं 18 जून को जनकल्याण शिविर आयोजित किए गए।

# अज्ञात चोरों ने मंदिर से चुराई भगवान की मूर्तियां

**नवभारत न्यूज**
**पलेरा। जिले के पलेरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत लारौन स्थित पहाड़िया धाम मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है। बुधवार रात अज्ञात चोर मंदिर से श्रीराम जानकी और राधा-कृष्ण की अष्टधातु की प्रतिमाएं चुरा ले गए। चोर मंदिर में लगे चार घंटे भी अपने साथ ले गए। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 4 लाख रुपये बताई जा रही है।**

पंचायत सरपंच सुनीता यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात के समय अज्ञात लोग मंदिर में घुसे और गर्भगृह में स्थापित प्रतिमाओं को लेकर फरार हो गए। इसके अलावा मंदिर में लगे चार घंटे भी गायब मिले।गुरुवार सुबह करीब 6 बजे मंदिर के पुजारी बालमुकुंद पाठक रोज की तरह पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। वहां उन्होंने मंदिर के ताले टूटे हुए देखे। जब गर्भगृह में पहुंचे तो श्रीराम जानकी और राधा-कृष्ण की प्रतिमाएं वहां नहीं थीं। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी।सूचना मिलने पर पलेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने ग्रामीणों और संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए हैं। मामले की जांच की जा रही है और चोरी करने वालों की तलाश शुरू कर दी गई है।घटना के बाद ग्रामीणों में नाराजगी है। सरपंच सुनीता यादव और ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी हुई प्रतिमाओं की बरामदगी की मांग की है।

उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे प्रदर्शन करेंगे। पलेरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत लारौन स्थित पहाड़िया धाम मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है। बुधवार रात अज्ञात चोर मंदिर से श्रीराम जानकी और राधा-कृष्ण की अष्टधातु की प्रतिमाएं चुरा ले गए। चोर मंदिर में लगे चार घंटे भी अपने साथ ले गए।

### छात्रों को मिलेगी सहायता

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्य प्रदेश के सामान्य, अनारक्षित छात्रों एवं छात्राओं के लिए एक अच्छी खबर है। उच्च शिक्षा विभाग ने विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना-2026 की घोषणा की है, जो अनारक्षित वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का एक बेहतरीन अवसर है। सरकार चयनित छात्रों को प्रति वर्ष वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।**

मध्य प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने अनारक्षित वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना-2025 की अधिसूचना जारी की है।

# गुरूवार को रोजगार मेला का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**टीकमगढ़। जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ के सहयोग से शापीजी कॉलेज, टैगोर हॉल, कुण्डेश्वर रोड टीकमगढ में 25 जून 2026 दिन गुरूवार को प्रातः 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।**

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जावेंगे। उक्त युवा संगम, रोजगार मेले में टीकमगढ जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आई.डी. सहित उपस्थित होकर देश प्रदेश की जानी मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ के सहयोग से शापीजी कॉलेज, टैगोर हॉल, कुण्डेश्वर रोड टीकमगढ में 25 जून 2026 दिन गुरूवार को प्रातः 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

# बिजली संकट और स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रदर्शन

- कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 18 जून।** जिले में अघोषित बिजली कटौती, बढ़ते बिलों और स्मार्ट मीटर की खामियों के खिलाफ गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष रामशेष बघेल के नेतृत्व में बड़ा प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वाटर वर्क्स रोड स्थित अधीक्षण यंत्री कार्यालय का घेराव कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के समाधान के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम दिया।

अध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि भीषण गर्मी में घण्टों हो रही बिजली कटौती से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है। किसान, छात्र और छोटे व्यापारी परेशान हैं। एक तरफ पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही, दूसरी तरफ स्मार्ट मीटर और गलत रीडिंग के कारण उपभोक्ताओं पर भारी-भरकम बिलों का आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने साफ किया कि यह आंदोलन राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि जनता की आवाज उठाने के लिए है। ज्ञापन में मांग की गई है कि अघोषित बिजली कटौती बंद कर व्यवस्था में सुधार हो। बढ़े हुए बिजली बिलों की समीक्षा की जाए। स्मार्ट मीटर की खामियों और शिकायतों को दूर किया जाए। पुरानी डीपी (ट्रांसफार्मर) और जर्जर तारों को बदला जाए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों में समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ, तो आगामी दिनों में और उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस जनांदोलन में संगठन महासचिव महेश जाटव, डॉ. शिवेन्द्र सिंह कुशवाह, जगत सिंह यादव, नरोत्तम सिंह नरवरिया, अशोक जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम नागरिक मौजूद रहे।

### धूल भरी आंधी ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें

**टीकमगढ़।** मानसून की दस्तक में देरी और प्री-मानसून की बेरुखी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। क्षेत्र में भीषण और उमस भरी गर्मी का दौर जारी है।बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, फिलहाल अगले एक सप्ताह तक बारिश के कोई आसार नहीं हैं।

मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले आठ दिनों के बाद, यानी आगामी शुक्रवार को तेज हवा और गरज-चमक के साथ बारिश की शुरुआत हो सकती है।बुधवार को भी सुबह से लेकर शाम 5 बजे तक तीखी धूप ने लोगों को बेहाल किया, हालांकि शाम ढलते ही मौसम का मिजाज थोड़ा बदला और आसमान में बादल छाने के साथ ठंडी हवा चलने लगीं।

# अवैध ब्लास्टिंग से परेशान ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

- कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 18 जून।** छरेटा (करवास) स्थित जय महाकाल क्रेशर पर खनिज विभाग के नियमों के विपरीत उच्च क्षमता की ब्लास्टिंग किए जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही तेज ब्लास्टिंग से गांव के कई मकानों में दरारें आ गई हैं तथा कुछ मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि क्रेशर से उड़ने वाली धूल और प्रदूषण के कारण क्षेत्र के लोग विभिन्न बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। साथ ही लगातार होने वाली ब्लास्टिंग से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है और वे हर समय किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका के बीच जीवन यापन कर रहे हैं।

विधायक ने दिया ज्ञापन विधायक केशव देसाई ने कांग्रेस नेता सुरेश शर्मा, मुन्नी लाल भटेले के साथ ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम गोहद एसडीएम राजन बी.नाडिया को ज्ञापन सौंपा।

**पूर्व मंत्री ने लगाई फटकार**
ग्रामीण जब अपनी समस्या को लेकर एसडीएम गोहद को ज्ञापन सौंपने जा रहे थे, तभी उनकी मुलाकात भाजपा नेता लालसिंह आर्य से हो गई। ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस पर पूर्वमंत्री आर्य ने दूरभाष पर जिला खनिज अधिकारी से चर्चा कर मामले पर नाराजगी व्यक्त की तथा तत्काल मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर क्रेशर संचालक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। अनुविभागीय अधिकारी राजन नाडिया द्वारा जटवारा छेत्र में पिपरसाना, पाली डिमरन एवं अतरसोहा में स्थित काली गिट्टी की खदान एवं वहां स्थापित क्रेसर संचालको को नोटिस जारी कर जबाब मांगा गया था, लेकिन गुजरे समय उस नोटिस पर खदान एव क्रेसर संचालकों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई यह धरातल पर दिखाई नहीं दी।

ज्ञापन के दौरान विधायक केशव देसाई सुरेश शर्मा, डॉ. अमर सिंह जाटव कुलदीप सिंह गुर्जर, सौरभ शर्मा, मुन्नालाल भटेले, सरनाम शर्मा, मुन्नालाल राजौरिया, जेपी शर्मा, श्रीनिवास शर्मा, रामनिवास शर्मा, राजू राजौरिया, समीर खान आदि मौजूद रहे।